सस्कृत मे जैसे एक-एक व्यक्ति के लिय छोटे बडे प्रबन्ध लिखे गये हैं, उस तरह के राजस्थानी ऐतिहासिक बातो की १८वी शताब्दि मे पहले लिखे हुये प्राचीन सग्रह ग्रन्थ तो नही मिलते, पर १५वी सदी से राजस्थानी गद्य मे ऐतिहासिक बातें फुटकर रूप मे लिखी हुई मिलने लगती हैं, जिनमे से एक छोटी सी धनपाल कथा 'राजस्थान भारती' भाग ३, अक २ मे मैंने प्रकाशित की थी। वह एक जैन महाकवि धनपाल के जीवन से सम्बन्धित है। ऐसी छोटी २ ऐतिहासिक कथायें प्रसगवश कई प्रकरण ग्रन्थों के बालावबोध आदि के भाषा टीकाओ मे भी प्राप्त होगी। १५वी सदी मे कल्पसूत्र बालावबोध और कालकाचार्य कथा राजस्थानी गद्य मे लिखी गई हैं, जिनमे से कल्पसूत्र बालावबोध मे स्थविरावली मे अनेक जैनाचार्यो का सक्षिप्त जीवन वृत्तान्त मिलता है। कालक कथा मे उज्जैन के गर्दभिल्ल राजा को जैनाचार्य कालक ने किस प्रकार अपनी भगिनी के हरण का दण्ड दिया और उसके राज्य का उच्छेद किया, इस ऐतिहासिक घटना का वृत्तान्त है। सं० १४८५ की लिखी हुई कालकाचार्य कथा की एक प्रति हमारे सग्रह मे है। १६वी सदी मे लिखित एक कालक कथा को डा० भोगीलाल साण्डेसरा ने किसी गुजराती पत्र में प्रकाशित किया था।

बात (सस्कृत-वार्ता) और ख्यात मे से बात तो किसी व्यक्ति-विशेष संबधित होती है और ख्यात मे किसी एक वश या अनेक वशो से संबधित वृत्तांत सग्रहीत होता है। जैसे पमसिंह की बात, वीरमदे सोनीगरा की बात, बीकाजी की बात आदि मे उस नाम वाले

[१] जैनाचार्य श्री आत्मानन्द शताब्दि-स्मारक-ग्रंथ, गुजराती लेख-विभाग, पृ. २-१, सं. २१७।

व्यक्ति की कथा पाई जाती है। ख्यातों में नैणसी की ख्यात सबसे अधिक महत्वपूर्ण इसलिए है कि उसमे राठौड, सीसोदिया, चौहान आदि अनेक राजवशो का इतिहास संग्रहीत किया गया है जबकि दयाळदास की राठौडों की ख्यात में राठौड वंश और विशेषत: बीकानेर के राठौड वंश का इतिहास लिखा गया है। मुहणोत नैणसी की ख्यात में शताधिक ऐतिहासिक व्यक्तियो की बातें भी संकलित की गई हैं। नैणसी ने एक और भी ऐतिहासिक ग्रन्थ लिखा था जिसमे मारवाड की मर्दुमशुमारी, वहा के जागीरदारो, ठाकुरो के पट्टो, गावो की आमदनी की विगत थी। ओसवाल जाति के इतिहास मे इस ग्रन्थ का कुछ उद्धरण देते हुए लिखा गया है कि "नैणसी ने एक पचवर्षीय रिपोर्ट लिखी थी। हमने इसकी हस्तलिपि आपके वशज जोधपुर के निवासी श्री वृद्धराजजी मुहणोत के पास देखी थी। उसमें उन्होने मारवाड के परगने, ग्राम, गावो की आमदनी, भूमि की किस्म, शाखो का हाल, तालाब, कुए, विभिन्न जातियो के इतिहास आदि अनेक विषयों का बडा ही सुन्दर विवेचन किया है। सवत् १७१६ से १७२१ की मर्दुमशुमारी के कुछ उद्धरण देने के बाद ओसवाल जाति के इतिहास मे इसका महत्व बतलाते हुए लिखा है कि "उपरोक्त मर्दुमशुमारी के अको से पाठको को यह ज्ञात हुआ होगा कि मध्य युग के अशान्तिमय जमाने मे भी मुहणोत नैणसी ने मर्दुमशुमारी करने की आवश्यकता को महसूस किया था। आपकी हस्तलिखित पचवर्षीय रिपोर्ट से यह भी प्रतीत होता है कि उन्होने मारवाड मे संबध रखने वाली सूक्ष्म से सूक्ष्म बातो का विवेचन किया है। वह रिपोर्ट क्या है, तत्कालीन मारवाड का जीता-जागता चित्र है।"

नैणसी के उक्त ऐतिहासिक ग्रन्थ की प्रति जिसके भी पास हो, खोज कर के प्रकाश मे लाना आवश्यक है।

नैणसी की ख्यात को मूल रूप मे प्रकाशित करने का प्रयत्न स्वर्गीय रामकरणजी आसोपा ने किया था पर उसका मुद्रण पूरा नही हो सका। इसके करीब ४०० पृष्ठ जो छपे थे वे भी प्रकाश मे नहीं आ सके। अभी उसका सुसम्पादित संस्करण राजस्थान प्राच्य-विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर से प्रकाशित हो रहा है। श्री बद्रीप्रसाद साकरिया द्वारा सम्पादित उक्त सस्करण का प्रथम भाग निकल चुका है और दूसरा भाग भी प्रकाशित होने जा रहा है। इस ख्यात का एक महत्वपूर्ण वर्गीकृत हिन्दी अनुवाद नागरी प्रचारिणी सभा से २ भागो मे प्रकाशित हुआ था। मुंशी देवीप्रसादजी ने नैणसी को राजपूताने का अब्दुल फज्जल' बतलाया है और स्वर्गीय ओझाजी ने इनकी ख्यात को 'इतिहास का एक अपूर्व संग्रह' लिखा है। नैणसी के पहले की १-२ सक्षिप्त राठौडो की ख्यात मिलती हैं और नैणसी के बाद तो अनेक ख्यातें लिखी गई पर उन ख्यातों मे लेखको का नाम-निर्देश बहुत ही कम मिलता है। तिलोकसी की ख्यात को अभी मैने देखा नही है पर वह मारवाड के राठौड वश से सबधित है और उसकी प्रति श्री रामकरणजी आसोपा के यहां थी, ऐसा ज्ञात हुआ है।

अनेक राजवशों से सबधित सक्षिप्त टिप्पण (नोटस्) तो कविवर बांकीदासजी ने सर्वाधिक लिखे थे। उनका वर्गीकृत सुसम्पादन श्री नरोत्तमदासजी स्वामी ने किया और राजस्थान पुरातत्वान्वेषण मदिर, जयपुर से 'बांकीदास री ख्यात' के नाम से वे २७७६ नोटस् प्रकाशित हो चुके हैं। स्व० ओझाजी ने इस ग्रन्थ के महत्व के सबध में लिखा था कि

"पुस्तक बड़े महत्व की है।......ग्रन्थ क्या है, इतिहास का खजाना है। राजपूताना के तमाम राज्यों के इतिहास संबंधी अनेक रत्न उसमें भरे पड़े हैं।......उसमें राजपूताना के बहुधा प्रत्येक राज्य के राजाओं, सरदारों, मुत्सद्दियों आदि के संबंध की अनेक ऐसी बातें लिखी हैं जिनका अन्यत्र मिलना कठिन है। उसमें मुसलमानों, जैनों आदि के संबंध की भी बहुत सी बातें हैं। अनेक राजाओं और सरदारों के ठिकानों की वंशावलियाँ, सरदारों के वीरता के काम, राजाओं के ननिहाल, कुंवरों के ननिहाल आदि का बहुत कुछ परिचय है। कौन-कौन से राजा कहाँ-कहाँ काम आये, यह भी विस्तार से लिखा है।" बांकीदास ने वास्तव में 'ख्यात' के रूप में यह ग्रन्थ नहीं लिखा था, याददाश्त या नोटस् के रूप में ही यह लिखा गया था।

ख्यातकार के रूप में दयाळदास सिंढायच विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। उन्होंने राठौड़ों की ख्यात के अतिरिक्त 'देश दर्पण' और 'आर्याख्यान-कल्पद्रुम' नामक दो और महत्वपूर्ण ऐतिहासिक ग्रन्थ लिखे हैं जिनकी हस्तलिखित प्रतियां श्री अनूप संस्कृत लायब्रेरी, बीकानेर में हैं। ख्यात का मध्यम भाग, जिसमें राव बीकाजी से महाराजा अनूपसिंहजी तक का वृत्तान्त है, दयाळदास की ख्यात, भाग २ के नाम से डा० दशरथ शर्मा द्वारा सम्पादित अनूप संस्कृत लायब्रेरी से संवत् २००५ में प्रकाशित हो चुका है। इसका प्रथम और तृतीय भाग अभी अप्रकाशित है।

'देश-दर्पण' नामक ख्यात ग्रन्थ संवत् १९२७ में तैयार हुआ। उसके संबंध में प्रारम्भ में ही लिखा है कि महाराजा सिरदारसिंह के समय जसवंतसिंह की आज्ञा से इसकी रचना हुई। यथा—

हुत यस कुळ रट्ठवर, समवड़ विभव सुरेस।
राज करह मरुधर रुचिर, श्री सिरदार नरेस॥ ५
प्रबळ उदयगिर बीकपुर, रवि महिपत्त सिरदार।
कवि पंकज प्रफुलित करण, अघ तम हरण उदार॥ ६
जेण वस जैचंद रै, जनमे पत जोधार।
तिण आर्य हिन्दू तुरक, समरज लीन्हैं सार॥ ७
मातुळ नृप कै प्राण सम, सब मित्रन सिरताज।
मांनद चित हौ दान गुन, जस साहिब जसराज॥ ८
निगमागम आगुन सकळ, सब विद्या परवीण।
धर्गी जगवत चतुर धन, कच प्रत आज्ञा कीन॥ ९
धरार्धीन तहां ख्यात सब, मानुवस के भेद।
जसवत आज्ञा रै जरै, पत लिख सुगम अभेद॥ १०
करी ख्यात नृप तेस कुळ, दिय आयस जिहि वार।
कव दयाळ करणार करी, धरणी मन अनुसार॥ ११
सुर्भाचतर लिख करण कुं, लिखनि बनाई ख्यात।
बहु सुग स परताप कर, सपु दीरघ सुख मात्र॥ १२

ग्रथ ख्यात जन्म यथा—
कहे संवत् उगणीस के, सात बीस के साल।
वरणी ख्यात विमेमवर, दरपण देस दयाळ ॥

इसमे बीकानेर के प्राथमिक राजाओ का संक्षिप्त वृत्तांत है। परवर्त्ती के संवतानुक्रम से दिया है और महाराजा रतनसिंहजी आदि का तो बहुत विस्तार से दिया है। बादशाही फर्मान अग्रेजो के सन्धि (सुलह) नामे आदि की नकलें और अनुवाद भी दिये हैं। अंग्रेजो से सन्धिनामे केवल बीकानेर के ही नही पर उदयपुर, जयपुर, जोधपुर, बूंदी, झालावाड, कोटा, जैसलमेर, टौंक, भरतपुर, डूंगरपुर आदि राज्यो के भी दिये हैं। तदनतर बीकानेर के राजवश से सम्बन्धित खापो का संक्षिप्त वृत्तात देकर गावो की रेख और जमीन की विस्तृत सूची दी है। सवत १९२७ फौजबन्दी की याददाश्त के बाद खर्च, खजाना, महसूल की भी जानकारी दी है।

दयाळदास का तीसरा ख्यात ग्रन्थ आर्याख्यान कल्पद्रुम का तो और भी अधिक महत्व है। इसकी रचना सवत् १९३४ के भादवा सुदि १२ बुधवार को महाराजा डूंगरसिंह के समय मे हुई। तीन भागो मे इस ग्रन्थ के रचे जाने की योजना थी, जिसका उल्लेख करते हुए प्रारम्भ मे लिखा गया है कि—"सो मे ग्रन्थ का पूर्वार्द्ध मे तो केवल हिन्द का वर्णन हुवेगा ग्रर इस ग्रन्थ का उत्तरार्द्ध 'यवन आख्यान कल्पलता' मे कया जावेगा। तथा आरिय भाषा के मत मे तो म्लेच्छ कहे जाते हैं। हिन्दू-भाषा से जिनकी भाषा नहीं मिलती है तथा हिन्दूवा के धर्म से इनका धर्म-व्यवहार भी अलग है। पश्चिम देश निवासी है सो म्लेच्छ कहे जाते हैं जिसमे प्रथम हिन्दुस्तान के हिन्दु राजाओ का वर्णन करते हैं ॥१॥ दूसरे भाग मे मुसलमानो का वर्णन लिखा जावेगा और तीसरे भाग मे अग्रेजों की उत्पत्ति आगम लिखे जावेगे।

हिन्दू शब्द की व्युत्पत्ति व्याकरण के मत से बतलाते हुए लिखा है—हिन् धातु हिंस्यार्थ मे है। दू है सो 'दू' धातु उपताप अर्थात दुख मे है। 'हिंसया दूयते ति हिन्दू' अर्थात हिंसा से दुःख पावें। इसी कारण 'म हिंस्यात सर्व भूतानि' ऐसा वेद मे वचन कह्या है। 'अहिंसा परमोधर्म धर्म' शास्त्र मे ऐसे हिन्दू शब्द का अर्थ कह्या है। अथ मुसलमान शब्द का अर्थ लिखते हैं—अरबी भाषा मे मूसल शब्द दृढ-वाची है। दृढ कु कहते हैं। ईमान नाम धर्म, मजब का विश्वास को कहते हैं। मजब मे श्रद्धा जिसकी दृढ है, वह मुसलमान है।"

ग्रन्थ के प्रारम्भ मे राठौडों की वंशावलिया, फिर जैचन्द से प्रारम्भ कर के जोधपुर के महाराजा विजयसिंहजी तक का वृत्तात और मारवाड राज्य के २२ परगने और उनके गावो की रेख आदि का विस्तृत विवरण दिया है। तदनन्तर बीकाजी से सिरदारसिंहजी तक के बीकानेर के राजाओ का इतिहास है। अंत मे बीकानेर राज्य के खापो एव ठिकाणो का हाल दिया है। मालूम होता है कि दयाळदास इस महान ग्रन्थ को अपनी योजना के अनुसार पूर्ण नही कर पाये।

ख्यातों की तरह और भी अनेक तरह के ऐतिहासिक साधन राजस्थानी गद्य मे लिखे मिलते हैं, जिनमे वशावली, पीढ़ियावली, याददाश्त, हकीकत, विगत, हाल, अहवाल,

पट्टा-परवाना, तहकीकात, आदि उल्लेखनीय हैं। जैन गच्छों की पट्टावलियें, गुर्वावलियें राजस्थानी गद्य मे लिखी हुई अनेकों मिलती हैं। वे भी एक तरह से ख्यात के ही लघु रूप हैं। ख्यातो मे राजवश का वृत्तात रहता है और पट्टावलियो मे गच्छो का। ओसवाल आदि जैन जाति एवं गोत्रो की वशावलिया बहुत मिलती हैं पर उनमे ऐसे वृत्तात की प्रधानता नहीं रहती, वश परम्परा और उस वश के लोग कहा कहां जाकर बसे, उनका विवरण आदि रहता है। ऐसी पच्चीसो वशावलिया और पट्टावलिया हमारे सग्रह मे हैं। जैनेतर वंशावलिया भी अनेकों लिखी गई हैं। प्रत्येक जाति के भाट उन जातियो की वंशावलिया लिखते रहे हैं अतः उनके यहा बहुत सी महत्वपूर्ण सामग्री मिलेगी।

ऐतिहासिक बातें भी कई प्रकार की मिलती हैं। इनमे से कुछ बातें तो विशुद्ध इतिहास के रूप मे लिखी गई हैं। इसके उदाहरण के रूप मे हमारे सग्रह की 'राठौड राव अमरसिंघ की बात' उपस्थित की जा सकती है, जिसे सवत् १९९७ मे भारतीय विद्या नामक पत्रिका मे मैंने प्रकाशित की थी। इस बात मे सवत् १७०१ का वृत्तांत बहुत ही विस्तार से दिया है। संवत १७०६ मे जोधपुर मे ही इस बात की लिखी हुई प्रति हमारे सग्रह मे है। वैसे अमरसिंघ की अन्य एक बात 'परम्परा' के राजस्थानी बात-सग्रह अक मे प्रकाशित हुई है। जो बातें घटना के सम-सामयिक या कुछ समय बाद ही लिखी गई हैं उनकी ऐतिहासिकता स्वत:सिद्ध है। कई बातों मे लिखा हुआ वृत्तात तो लेखक के स्वयं का देखा हुआ होता है और कई बातें देखने वालों से सुनी हुई होती हैं। उनमे थोडा बहुत हेर-फेर हो सकता है, पर अधिक पुराने समय के व्यक्तियो की जो बातें मिलती हैं उनमें ऐतिहासिक तथ्य कम हैं। उनमें लोक-प्रवादो का सम्मिश्रण अधिक होने से वे एक तरह से लोक कथाएँ ही बन जाती हैं। केवल ऐतिहासिक व्यक्ति से सबधित होने के कारण ही उन्हें ऐतिहासिक बात भले ही कह दिया जाय।

कई बातें गद्य और पद्य-मिश्रित वचनिका और तुकान्त गद्य शैली की पाई जाती हैं। १५वी शताब्दी की ऐसी दो रचनाओ का उल्लेख करना भी यहां बहुत आवश्यक है। वचनिकासज्ञक अभी तक राजस्थानी रचनाएँ ही विशेष प्रचलित हैं जिनमें गाडण सिवदास रचित 'अचळदास खीची री वचनिका' १५वी शताब्दी की ऐतिहासिक रचना है। इसकी सब से प्राचीन सवत १६३१ की लिखी हुई प्रति अनूप संस्कृत लायब्रेरी मे है। अभी तक यह महत्वपूर्ण रचना अप्रकाशित थी अतः श्री नरोत्तमदासजी स्वामी से सम्पादित करवा कर शार्दूल राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीट्यूट से प्रकाशित करवाई जा रही है। पद्यो के साथ साहित्यिक शैली का गद्य भी इसमे प्रयोग हुआ है। यहा उस गद्य का थोडा-सा नमूना दिया जा रहा है जिसका नाम 'वात' लिखा गया है—

वात– एक सीह नइ पाखरयउ, सूर मिहाइति आवरयउ।

पचाग्रत अमी परगर आयउ।
महादान आछइ घडइ,
दूध माहि साकर पडइ।
सोनउ नइ सु-वास,

ग्रेक ग्रचल कथइ सिवदास ॥ १
ग्रब चारण कहइ—
ग्रे वडो वडाई, तउ ग्रापणपाहइ पूछई न हुइ ।
सु ग्रेतरइ हिजु कारणइ, ग्रागिलउ राजा सभा
सहित सु-चित हुई सुणइ,
तउ सु-कवि कु-कवि की पारीखा जणइ ॥ २

दूसरी वचनिका रतन महेसदासोत री खिडिया जगा री वही सर्व प्रथम डॉ. टैसीटरी ने सम्पादित की। ग्रभी डॉ. रघुवीरसिंह ने संपादन कर के उसे प्रकाशित करवाया है। इसी तरह सवत् १४८२ की लिखी हुई तपागच्छ गुर्वावली की प्रति हमारे सग्रह मे है। इसमे पद्य ता थोडे मे हैं, ग्रौर गद्य है वह भी पद्यानुकारी ग्रर्थात तुकान्त है। इसका थोड़ा-सा नमूना दिया जा रहा है—

श्री धर्मघोष सूरि सुविचार, जेरहि (ह) उ १३२७ पदठवण ग्राचार।
जेहे गुरे ग्रतिशय लगइ योग्य ग्रवधारिउ, सा० पेथड परिग्रह परिमाण ॥
मधेरतउ निवारिउ जेणंइ पेथड़ साहि ८४ उनु त तोरण प्रासाद कराव्या।
७ ज्ञान भडार भराव्या, ग्रनइ २१ घड़ी सुवर्ण, श्री शत्रुंजय मूलप्रसाद
वीधउ वर्णि सुवर्णि।

जेह तणउ पुत्र, सा० भाभणदे पवित्र, जीणइ विह तीथि एकुत्र ध्वज, देईग्रनइ ग्रात्मा वीधउ ग्ररज, ग्रनइजे गुरुरहइ देवकइ पाटलि, सुमुद्रि दिखाडिउ चिंतामणि; ग्रनइ तिहां गोमुख यक्ष का (उ) सग प्रयावि हऊउप्रत्यक्ष, उपदेश देई वूभविउ, मिथ्यात्व करतउ ते पाप सूभविउ।

ख्यात ग्रौर वात के ग्रतिरिक्त राजस्थानी गद्य में लिखा हुग्रा एक ऐतिहासिक जीवन-चरित्र 'दलपत विलास' नामक मिलता है जिसकी एक मात्र ग्रपूर्ण प्रति ग्रनूप सस्कृत लायब्रेरी मे प्राप्त है। 'मरुवाणी' मे इसका काफी भाग प्रकाशित हो चुका है। ग्रास्तान को स्वतन्त्र ग्रन्थ रूप मे हमारे शार्दूल राजस्थानी इन्स्टीट्यूट से प्रकाशित किया जा रहा है। इस तरह राजस्थानी गद्य मे ऐतिहासिक सामग्री बहुत ग्रधिक प्राप्त है।

हस्तलिखित प्रतियो मे ऐतिहासिक बातें, सैकडों की सख्या मे लिखी मिलती हैं। १८वीं ग्रौर १९वी शताब्दि की कई सग्रहीत प्रतियाँ बीकानेर, उदयपुर, जोधपुर मे प्राप्त हैं। इन बातों के प्रकाशन का सर्व प्रथम प्रयत्न स्वर्गीय श्री सूर्यकरणजी पारीक ने किया है। उन्होंने सन् १९३४ मे 'राजस्थानी बाता' नामक ग्रन्थ, पिलानी में रहते प्रकाशित किया, जिसमें १. बगडेव पवार, २. जगमाल मालावत, ३ वीरमदे सोनगरा, ४ कहराट सरवहियो, ५ जसहा मुसहा भाटी, ६. जैतसी उदावत ग्रौर ७. पाबूजी री बात छपी हुई हैं। मुहणोत नैणसी की ख्यात के राजस्थानी ग्रौर हिन्दी सस्करण मे बहुत-सी ऐतिहासिक बातें प्रकाशित हुई हो हैं, पर फुटकर रूप में राजस्थानी, राजस्थान भारती, ग्रादि पत्रिकाग्रों मे दूदे जोधावत, सातलसोम, राव रिणमल, ग्रादि की ऐतिहासिक बातें छपती रही हैं। परम्परा

मे प्रकाशित अमरसिंघ, पदमसिंघ की बात भी उल्लेखनीय है। साहित्य संस्थान, उदयपुर से राजस्थानी बातों के ५ भाग प्रकाशित हुए हैं। उनमें भी कई ऐतिहासिक बातें छपी हैं। राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर से—राजस्थानी साहित्य संग्रह, भाग २, नामक ग्रन्थ हाल ही में श्री पुरुषोत्तम मेनारिया-सम्पादित प्रकाशित हुआ है। उसमे देवजी बगडावत, प्रतापसिंघ मोहकमसिंघ और वीरमदे सोनगरे की बात छपी है। उनमें से प्रतापसिंघ मोहकमसिंघ की बात किशनगढ के महाराजा बहादुरसिंह ने बनाई है और उसका साहित्यिक महत्व भी कम नही है। अब परम्परा के प्रस्तुत अंक मे राव रिणमल, राव जोधा, मालदेव, चन्द्रसेन, सूरजसिंघ, आदि की ऐतिहासिक बातें प्रकाशित की जा रही हैं। इस तरह राजस्थानी वातो का बढता हुआ प्रकाशन अवश्य ही उज्ज्वल भविष्य का सूचक है। और ऐसे प्रयत्न निरन्तर होते रहने की आवश्यकता भी है। पर इससे भी अधिक आवश्यक है इन बातो का आधुनिक शैली मे लिखा जाना जिससे वे केवल विद्वानो के उपयोग की ही चीज न रहे। जन-साधारण भी उनका रसास्वादन कर सके। श्री चतुरसेन शास्त्री ने सुप्रसिद्ध नव रसो के अतिरिक्त एक नये इतिहास रस का भी उल्लेख अपने प्रकाशन मे किया है। वास्तव मे राजस्थानी बातो पर आधारित उपन्यास, कहानी, नाटक आदि अधिकाधिक लिखे जाने चाहिये और फिल्म-जगत मे भी उनका समावेश होना चाहिये जिससे जनसाधारण को अपने पूर्वजो का गौरव विदित हो और उनके उज्ज्वल चरित्र की अमिट छाप उन पर पडे। रानी लक्ष्मीकुमारी चूंडावत ने पुरानी बातो को नये साचे मे ढालने का सुन्दर प्रयत्न किया है, यद्यपि उनकी भाषा मेवाडी-प्रभावित होने से जन-साधारण के लिए उतनी सुबोध नही। हिन्दी मे भी राजस्थानी बातो पर आधारित नये साहित्य का सर्जन अधिकाधिक किया जाना वाछनीय है। पाश्चात्य जगत को राजस्थान के इतिहास का कुछ परिचय टॉड ने दिया था। उससे अनेक लोग आकर्षित हुए। अतएव अग्रेजी में राजस्थानी साहित्य प्रकाशित किया जाना चाहिये।

राजस्थानी ऐतिहासिक बातें

श्री मनोहर शर्मा

भारतीय प्रजा का इतिहास-बोध सदा से बढ़ा-चढ़ा रहा है। हमारे पुराण ग्रन्थों में इस विषय में अत्यन्त महत्वपूर्ण सामग्री उपलब्ध है और विदेशी विद्वानों तक ने इस तथ्य को स्वीकार किया है। अति प्राचीन काल में वेद-मंत्रों के विशिष्ट प्रसंगों का स्पष्टीकरण भी आदि महापुराण के उपाख्यानों द्वारा किया जाता था। भारत में जो बहुसंख्यक महामहिमशाली ब्रह्मर्षि एवं राजर्षि हुए हैं, उनकी चरित्र-कथाओं से पुराण ग्रंथ गौरवमय हैं। समय पाकर अति प्राचीन महापुराण का विभाजन हुआ और महामुनि वेदव्यास ने अठारह पुराण प्रस्तुत किये। कालान्तर में इन पुराणों में भी परिवर्तन एवं परिवर्द्धन होता रहा। फलस्वरूप आजकल जो पुराण ग्रंथ प्राप्त हैं, उनका कलेवर काफी बड़ा हुआ है।

पुराणों के साथ ही भाट लोगों की प्रथा भी अति प्राचीन है। समय पाकर इन लोगों में भी वर्ग-भेद हुआ जो अपने-अपने काम के अनुसार सूत, मागध एवं बंदी कहलाने लगे। इन सब का काम प्राचीन अथवा वर्तमान शूरवीर राजाओं का कीर्तिगान करना था। राजस्थान के चारण, भाट एवं ढाढी लोग इसी परम्परा का स्मरण करवाते हैं। ये लोग भी समाज के विशिष्ट गुण-सम्पन्न व्यक्तियों की कीर्ति-कथा सुना कर जनता को प्रेरणा देते रहे हैं और यह प्रथा राजस्थान में किसी अंश में अब भी चालू है। इसी प्रकार जनसाधारण में भी विशिष्ट व्यक्तियों के गुण-कर्मों की कथा कहने का रिवाज काफी पुराना है। लोग अपने अवकाश के क्षणों को ऐसी कहानियों द्वारा सरस कर के धन्य होते रहे हैं। महाकवि कालिदास ने अपने मेघदूत काव्य में इस प्रथा की ओर संकेत किया है—

> प्राप्यावन्तीनुदयनकथाकोविद ग्राम वृद्धा-
> न्पूर्वोद्दिष्टा मनुसरपुरी श्री विशाला विशालाम्।
>
> (मेघदूत १/३०)

राजस्थान में ऐतिहासिक व्यक्तियों की जीवन-कथाओं के कहने-सुनने का प्रचार विशेष रूप से रहा है। लोग ऐसी कथाओं में बड़ी रुचि लेते रहे हैं। परन्तु यह प्रक्रिया यहीं तक सीमित नहीं रही और यहां की विशिष्ट लोक-कथाएं 'बातों' के रूप में लिखी भी जाने लगीं। ये बातें विविध विषयों की हैं परन्तु इनमें अधिकांश ऐतिहासिक बातों की हैं और वे वीर-रसात्मक हैं। इनका गद्य बड़ा ही पुष्ट और आकर्षक है। राजस्थानी बातों के लिखे जाने के

उद्देश्य के विषय में स्वर्गीय ठा० किशोरसिंहजी बार्हस्पत्य ने अपने 'डिंगल भाषा के प्राचीन ऐतिह्य' शीर्षक लेख[1] मे इस प्रकार ज्ञापन प्रस्तुत किया है —

"पद्य-ग्रथो की अपेक्षा गद्य ग्रथो मे और गुजरात की प्राचीन संस्कृति का बहुत अधिक परिचय मिलता है। डिंगल साहित्य मे शौर्य, वदान्यता, सच्चरित्रता और स्वामिभक्ति आदि उच्च मानवीय गुणो का विशेष प्रकार से चित्रण किया गया है। जो महापुरुष इन गुणो में से किसी मे सम्पन्न हुआ करते थे, उनका जीवन-चरित्र 'बातो' के नाम से सग्रहीत किया जाता था। ये बातें कल्पित नही, बल्कि ऐतिहासिक भित्ति पर चित्रित की जाती थी। प्राचीन ख्यातो से एकत्रित कर इन बातो मे स्थान-स्थान पर काव्य-रचना द्वारा लालित्य लाया जाता था। डिंगल मे इसी साहित्य को 'बातें' कह कर पुकारा जाता है। आजकल की भाषा में इनको उपन्यास कहा जा सकता है और इतिहास ससार मे इनको ऐतिह्य (Legends) कहा जाता है।

"प्राचीन समय मे जब राजकुमारो को चारण कवियो के सरक्षण मे रख कर शिक्षा दिए जाने का नियम प्रचलित था, तब उक्त कवि किसी प्राचीन वीर-धीर के ऐतिहासिक चरित्र को रोचक बना कर उसको कथानको के रूप मे लिखा करते थे और वही अपने शिष्यो को पढाते थे। साथ ही उनमे लिखी हुई बातो को कार्य रूप मे परिणत करने के लिये अपने को बराबर प्रोत्साहित करते रहते थे। * * * * ये कथानक जिस प्रकार पुरुषो के पढने की चीज हैं, उसी तरह स्त्रियो के हाथों मे भी बिना किसी हिचकिचाहट के साथ दिए जा सकते है। अश्लीलता तो इनमे नाम मात्र भी नही। जिस प्रकार पुरुषो के उपरोक्त गुणयुक्त चरित्रो का उल्लेख इनमे किया गया है, उसी प्रकार स्त्रियो के पातिव्रत्य, शौर्य, सतीत्व-रक्षा आदि गुणो का भी इनमे उल्लेख मिलता है। * * * * ऐसी एक नही, सैकडो की सख्या मे डिंगल मे 'बातें' उपलब्ध होती हैं, जिनसे इस प्रात मे प्रचलित उस समय के पारीवारिक, सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक जीवन, उत्सवो की शैलियो, स्त्री-पुरुषो के पारस्परिक व्यवहार, विवाह की भिन्न भिन्न रीतियां, राज-दरबारो के विवरण और मृगया के प्रकार आदि पर पूरा प्रकाश पडता है। यह बहुमूल्य साहित्य किसी समय राजस्थान के घर-घर मे प्राप्त होता था।"

इस वक्तव्य मे राजस्थानी की ऐतिहासिक बातो के सम्बध मे अच्छा स्पष्टीकरण किया गया है। विद्यारसिक ग्रन्थ लोग भी ऐसी बातें अपने स्वाध्याय के लिए लिखते-लिखवाते रहे हैं। साहित्य-प्रेमियो के मनोरजन का भी यह एक उत्तम साधन है। ऊपर 'ख्यात' ग्रथो की भी चर्चा आई है। 'ख्यात' एव 'ऐतिहासिक बात' की लेखन शैली का अन्तर भी ध्यान मे रखने की चीज है। इस विषय मे स्वर्गीय सूर्यकरणजी पारीक का वक्तव्य प्रस्तुत किया जाता है[2]—

---

[1]द्रष्टव्य, त्रैमासिक राजस्थान, वर्ष १, अक २, संवत् १९९२।

[2]द्रष्टव्य, राजस्थानी वाता की भूमिका पृ (८)।

"जैसा कि ऊपर कह आये हैं 'बातों' के रूप में राजस्थान का प्राचीन इतिहास लिखा गया है अतएव इन 'वातों' में ऐतिहासिक सामग्री बहुतायत में मिलती है। ख्यात की 'बातों' में और मनोरंजनार्थ रचित 'बातों' में एक स्पष्ट अन्तर यह होता है कि इनमें कल्पना की मात्रा अधिक रहती है। ख्यात की बातों में जहां तक हो सका है, ख्यात लेखक ने वंशावलियों के क्रम से प्रत्येक व्यक्ति और वंश के जीवन-काल की मुख्य बातों का यथार्थ वर्णन किया है। कहानी की बातों में किसी एक ऐतिहासिक कार्य को लेकर और उसमें कल्पना का पुट देकर मनोरंजक सामग्री प्रस्तुत की गई है। अतएव यद्यपि इन कहानियों की आधारभूत बातें ऐतिहासिक हैं परन्तु कहानी के समस्त रूप का ऐतिहासिक तथ्य मान लेना भारी भूल होगी। कहानी एक कला है और उसका प्रधान उद्देश्य है—मनोरंजक के रूप में किसी प्रमुख व्यक्ति अथवा घटना के सम्बन्ध में आख्यान लिख कर सहृदय जनता का हृदय आकर्षित करना। संसार के सभी साहित्यों में, जहां भी देखा जाय क्या कहानी, क्या उपन्यास, नाटक, काव्य—सभी में कल्पनात्मक प्रसंगों द्वारा वास्तविक तथ्यों को एक नवीन रागात्मक रूप दे दिया जाता है। यही बात इन कहानियों में भी समझनी चाहिए।"

ऊपर वर्तमान युग की कहानी की चर्चा आई है। इसी प्रसंग में वर्तमान 'कहानी' और 'राजस्थानी बात' का अन्तर भी समझ लेना आवश्यक है। इस विषय में श्री रावत सारस्वत का वक्तव्य प्रस्तुत किया जाता है[1]:—

"बात साहित्य की अपनी निजी विशेषताएँ भी हैं जिनकी सूक्ष्म आलोचना किये बिना राजस्थानी साहित्य के इस प्रधान अंग का पूर्ण परिचय प्राप्त नहीं हो सकता। किन्तु इसके पहिले हम को पक्षपातरहित होकर यह बात सोच लेनी चाहिए कि हम आज से ३०० वर्ष पहले लिखे हुए प्राचीन साहित्य की चर्चा कर रहे हैं। अतः आधुनिक कहानियों के विशाल क्षेत्र में होने वाले सूक्ष्म तत्वों के चित्रण, पात्रों के वैज्ञानिक चरित्र-लेखन तथा कहानी-लेखक के विस्तृत अध्ययन की सारगर्भित मार्मिक उक्तियों का अस्तित्व यहां न होगा। पर फिर भी पाश्चात्य साहित्य की इस भड़कती हुई वेशभूषा से परे, बीसवीं शताब्दी के यांत्रिक जीवन की कटु सच्चाइयों से भरे अन्वेषणों से निर्लिप्त, राजस्थानी बातों ने 'राजा रानी' की प्राचीन कहानियों के उसी विशुद्ध भारतीय वातावरण का झीना परिधान पहन रखा है तथा इनके अन्तःकरण में देश-प्रेम और आत्मगौरव पर जीवन लुटा देने वाली वीर आत्माओं का उबलता हुआ रक्त अब वेगपूर्ण गति से संचार कर रहा है।"

ऊपर प्रकट किये गए सभी तत्वों के स्पष्टीकरण के लिए अधिक उदाहरण न देकर यहां केवल एक उदाहरण दिया जाता है और उस पर कुछ विस्तार से चर्चा की जाती है। इस सम्बन्ध में जगदेव पंवार के चरित्र पर विचार किया जाता है, जिस के विषय में कुछ विशेष सामग्री उपलब्ध है।

---

[1]द्रष्टव्य, राजस्थान भारती, भाग २, अंक २, जुलाई १९५१।

जैसा कि ऊपर कहा गया है, राजस्थानी बातो मे यहां की लोक कथाओं को ही साहित्यिक रूप दिया गया है। राजस्थान में लोक कथाओ के कहने की भी विशेष शैली है। तदनुसार कथा की विशिष्ट घटनाओ का विस्तार के साथ वर्णन किया जाता है जिससे कि वे चित्रवत् प्रकट हो सकें। राजस्थान मे जगदेव पँवार विषयक लोक कथा विविध रूपान्तरो मे विस्तार के साथ कही-सुनी जाती है। यहा उसके एक रूप का केवल ढाचा मात्र दिया जाता है जिससे अनुमान लगाया जा सकेगा कि ऐतिहासिक तथ्य मे कल्पना का पुट कहां तक रहता है।

जगदेव पँवार धारा नगरी का 'टीकायत' (पिता का सब से बडा बेटा) राजकुमार था। जब उसके पिता का देहान्त हुआ तो उसकी सौतेली माता बुरी तरह रोने लगी। उसे अपने पति की मृत्यु का इतना दुःख न था जितना कि इस बात का कि अब उसके औरस पुत्र का क्या हाल होगा। जगदेव ने अपनी सौतेली माता को धीरज दिया और उसके पक्ष मे अपना राजपद त्याग दिया। वह अपने पिता का 'खर्च' (श्राद्ध-कर्म) कर के अपनी पत्नी सहित किसी अन्य राज्य मे भाग्य आजमाने के लिए निकल पड़ा।

आगे चल कर उसने वह रास्ता पकडा जो दुर्गम होने पर भी 'जयचद' की राजधानी मे पहुँचने के लिए अपेक्षाकृत सीधा था। मार्ग मे उसने एक नौहत्थे (नौ हाथ लम्बे) सिंह को शिकार की और फिर राजधानी मे प्रवेश किया। वहाँ एक तेली से राज भवन का पता पूछा तो उसे उत्तर मिला कि वह नाक की सीध मे चला जावे। इस पर जगदेव ने लोहे की 'कुस' को हाथ से मोड कर उसके गले मे फसा दिया। तेली राजा के दरबार मे शिकायत लेकर पहुँचा। इस पर जगदेव को वहा बुलाया गया। जगदेव ने अपना परिचय देकर तेली के गले से 'कुस' निकाल दी और जयचद के यहा वह नौकर हो गया। उसे राजा के 'ढोलिये' (पलग) का पहरा देने का काम सौंपा गया।

जब राजा सोता था तो रात के समय उसके महल में 'कालियो भैरू' आता था। वह राजा को धरती पर पटक देता और स्वय रानी के साथ पलंग पर सोता। राजा डर के मारे यह बात किसी को कहता भी न था। आज जगदेव ने 'भैरू' को जमीन पर दे मारा और उसकी एक टाग टूट गई। वह रोता हुआ अपनी माता 'ककाळी' नामक भाटनी के पास आया। उसने अपनी माता के सामने जिद्द की कि वह जगदेव के सिर को गेंद बना कर खेलेगा तभी अन्न ग्रहण करेगा। अतः उसकी माता जगदेव का सिर प्राप्त करने के लिए चल पडी।

ककाळी राजा जयचंद की सभा मे पहुँची। वह किसी के सामने घूघट नही निकालती थी। सभा मे उसने जगदेव को देखते ही घूंघट निकाल लिया। इस पर जयचंद ने अपना अपमान समझा। ककाळी ने जगदेव की दानशीलता की प्रशसा की। राजा जयचंद ककाळी को जगदेव से चार गुना अधिक दान देने के लिए तैयार हुआ। सभा समाप्त हुई और ककाळी जगदेव के निवासस्थान पर दान लेने के लिए पहुँची। जगदेव ने ककाळी को अपना शीश दान मे दिया। उसे लेकर वह जयचद के महल की ओर चली। मार्ग मे जगदेव का भानजा मिला, जो एक आख से काना था। उसने अपनी आख निकाल कर ककाळी को दान कर

दी। कंकाळी महल मे जयचंद के सामने पहुँची। राजा दान की उन वस्तुग्रों को देख कर दंग रह गया। ककाळी ने ग्रपनी टाग ऊची करदी ग्रौर राजा जयचंद को ग्राज्ञा दी कि वह ऐसा कहते हुए सात बार उसकी टाग के नीचे से निकले कि जयचद हारा ग्रौर जगदेव जीता। जयचंद ने ऐसा ही किया, तब उसका पिंड छूटा।

वहां से चल कर कंकाळी ग्रपने पुत्र के पास ग्राई ग्रौर उसे जगदेव का सिर दिखला दिया परन्तु दिया नही। वह इतने से ही राजी हो गया। तदनंतर कंकाळी जगदेव के घर पहुँची। वहा उसने जगदेव की पत्नी को उसके पति का सिर उसके धड पर रखने के लिए कहा। वीर पत्नी ने दिया हुग्रा दान वापिस लेना ग्रस्वीकार किया। तब ककाळी ने एक नारियल जगदेव के धड पर रखा ग्रौर वह जीवित हो गया। इसके बाद ककाळी ने जगदेव के भानजे की ग्राख मे 'ठीकरी' रख कर उसे नेत्रवान बना दिया ग्रौर वह ग्रपने घर लौट ग्राई।

राजा जयचंद ने जगदेव से बदला लेने के लिए प्रतिज्ञा की कि वह धारा नगरी को तोड कर ही ग्रन्न ग्रहण करेगा। धारा दूर थी, ग्रतः उसके सभासदो ने सलाह दी कि पहले कागज की धारा बना कर तोड दी जावे ग्रौर फिर सेना द्वारा चढाई कर के ग्रसली धारा तोडी जावे। तदनुसार नगरी से बाहर मैदान मे यह नाटक रचा गया। जब जगदेव को इस बात का पता चला तो वह कागज की धारा मे बैठ गया। 'टूटेगी धारा, तो लाजैगी पँवारा' इस युद्ध में भी राजा जयचद हार गया ग्रौर वह ग्रपना-सा मुँह लेकर रह गया। जगदेव वहा से चल कर ग्रपने राज्य मे ही लौट ग्राया ग्रौर फिर वहीं रहने लगा।

यह जगदेव पँवार सम्बधी राजस्थानी लोक कथा की रूपरेखा मात्र है। कहानी कहने वाले लोग इसे बडा विस्तार देकर कहते हैं। जगदेव-विषयक लोक कथा के किसी एक रूप के ग्राधार पर ही उसके सम्बध मे लिखित 'बात' तैयार हुई है। स्वर्गीय सूर्यकरणजी पारीक द्वारा सम्पादित 'राजस्थानी बातां' ग्रन्थ मे यह 'बात' प्रकाशित भी हो चुकी है। इसके ग्रनुसार जगदेव मालवा देश मे धारा नगरी के राजा उदयादित्य पँवार की दुहागिन (त्यक्ता) रानी का पुत्र है। राजा के सुहागिन रानी दूसरी है जिसके पुत्र का नाम रणधवल' है ग्रौर वह उम्र मे जगदेव से बडा है। जगदेव का रग श्याम है परन्तु वह बडा कान्तिमान है। जब जगदेव बडा होता है तो उसे ग्रपनी सौतेली माता के डाह के कारण ग्रपना घर छोडना पडता है ग्रौर वह पाटण के राजा सिद्धराज जैसिंघदे के यहा नौकरी करने के लिए सपत्नीक रवाना हो जाता है। वह दुर्गम मार्ग पकडता है ग्रौर एक सिंह तथा सिंहनी की शिकार करता है। पाटण पहुँच कर वह सहस्रलिंग तालाब के पास ठहरता है ग्रौर ग्रपनी पत्नी को वहीं छोड कर शहर में हवेली किराये करने के लिए जाता है। पीछे से एक वेश्या दगा कर के जगदेव की पत्नी को ग्रपने घर ले जाती है। रात के समय वेश्या उसके पास नगर कोतवाल के बेटे को भेजती है ग्रौर जगदेव की पत्नी चतुराई से उसे मार कर एक गांठ मे बाध देती है। फिर उस गांठ को खिडकी के रास्ते बाहर फेंक दिया जाता है। इधर जगदेव तालाब पर ग्राता है ग्रौर उसे ग्रपनी पत्नी नही मिलती तो वह राजा के भवन में चला जाता है। दूसरे दिन गांठ का भेद खुलता है ग्रौर सिद्धराज कोतवाल को दण्ड देता है ग्रौर जगदेव को दरबार में उच्च पद दिया जाता है। एक बार रात के समय सिद्धराज को ग्रपने महल से कुछ दूरी पर

जगल में कुछ स्त्रियो के रोने और कुछ के गाने की आवाज सुनाई देती है तो वह पता लगाने के लिए जगदेव को भेजता है। साथ ही गुप्त रूप से वह स्वय भी उसके पीछे हो लेता है। आगे पता चलता है कि रोने वाली स्त्रियां पाटण की जोगनिया हैं, जो अगले दिन सिद्धराज की मृत्यु होने वाली है, अतः रो रही हैं और गाने वाली स्त्रियां दिल्ली की जोगनियां हैं जो उसे लेने आई हैं। जगदेव अपने स्वामी सिद्धराज की उम्र बढवाने के लिए अपना, अपनी पत्नी का और अपने दो पुत्रो का सिर भेंट करने के लिए तैयार होता है और उसकी स्वामि-भक्ति से प्रसन्न हो कर जोगनिया सिद्धराज की उम्र अडतालीस वर्ष बढा कर चली जाती हैं। सिद्धराज यह सारी लीला छिपे तौर पर देखता है और अगले दिन जगदेव के साथ अपनी पुत्री का विवाह कर देता है। कुछ वर्षों बाद सिद्धराज एक नया विवाह करता है और उसकी रानी के महल मे रात के समय काला भैरव आता है। जगदेव उसका पैर तोड देता है और गाठ बाध कर अपने घर ले आता है। इसके बाद चामुंडा देवी एक भाटनी के रूप मे आती है और लगभग लोक कथा के अनुसार ही कहानी चलती है। इस 'बात' मे जैसिंघदे द्वारा धारा तोडने की चर्चा नही है। 'बात' मे जगदेव के शीश-दान की तिथि जरूर दी गई है:—

सवत इग्यारह इकाणवै, चैत तीज रविवार।
सीस ककाळी भट्टणी, जगदे दियो उतार॥

लोक कथा और बात के कथानक मे कुछ अतर भी है। इसका कारण यह भी है कि जगदेव-विषयक लोक कथा के अनेक रूपान्तर है, अतः बात का लेखक उन मे से जो ठीक समझे उसी का उपयोग कर सकता है। इन मे जगदेव द्वारा शीश दान करने की घटना को विशेष प्रसिद्धि मिली है। इस घटना की मुहणोत नैणसी की ख्यातो मे भी चर्चा है[1]।

राजस्थानी बात के रगीन वातावरण मे चित्रित जगदेव पँवार की इस जीवन कथा को ऐतिहासिक तथ्य के रूप मे ग्रहण करना उचित नही। डा० दशरथ शर्मा ने राजस्थान भारती (भाग ४, अक ४) मे अपने 'त्रिविधवीर जगदेव परमार' शीर्षक लेख मे शिलालेखों के आधार पर 'जगदेव पवार' के जीवन पर प्रकाश डाला है। तदनुसार जगदेव के बडे भाई लक्ष्मदेव और नरवर्मा थे। हो सकता है कि वह कुछ समय के लिए सिद्धराज जयसिंह के यहा रहा हो, परन्तु उसका अधिकांश प्रवास-काल तो दक्षिण भारत मे कुन्तलेन्द्र के यहा ही बीता, जहा उसने बडी वीरता दिखलाई और काफी सम्मान प्राप्त किया। आगे चल कर जब मालवा पर विपत्ति के बादल मँडराये तो वह अपने देश को लौटा और उसने आक्रामक सिद्धराज जयसिंह से टक्कर ली और उसे परास्त किया। इस लेख से सिद्ध होता है कि निश्चय ही जगदेव त्रिविध-वीर था परन्तु जयसिंह के दरबार मे रह कर उसके द्वारा कंकाळी भाटनी को शीश-दान किए जाने की कहानी निराधार एव ऊपर से मिलाई हुई प्रकट होती है।

यहा राजस्थानी की एक ऐतिहासिक बात का नमूना मात्र विचार करने के लिए प्रस्तुत किया गया है। परन्तु इस से यह सार नही निकाल लेना चाहिए कि 'राजस्थानी ऐतिहासिक

---

[1]द्रष्टव्य, मुहता नैणसी री ख्यात (श्री बदरीप्रसाद साकरिया) पृ. ३३६।

बातें ऐतिहासिक तथ्यो से सर्वथा रहित होती है। कई बातों में ऐतिहासिक सामग्री अधिक मिलती है और कई मे कल्पना का रंग विशेष होता है।

साथ ही यह ध्यान रखना चाहिए कि राजस्थानी बातों में और विशेष रूप से ऐतिहासिक बातों में यहा के मध्यकालीन लोकजीवन का इतिहास लिखने के लिए परमोपयोगी सामग्री उपलब्ध है। इस सामग्री द्वारा राजस्थानी जनजीवन के प्राय: सभी अगों पर अच्छा प्रकाश डाला जा सकता है और अभी तक इस दिशा मे कुछ भी कार्य नही हुआ है। शोध करने वाले विद्यार्थियो के लिए यह एक उत्तम क्षेत्र है। इस सामग्री मे तत्कालीन समाज की अच्छाइयो एवं बुराइयो दोनों के अत्यत स्वाभाविक चित्र हैं। वर्तमान राजस्थान के लोक-हृदय का ज्ञान प्राप्त करने के लिए यहा के भूतकाल के जीवन का लेखा-जोखा भी विस्तार के साथ किया जाना जरूरी है। *इस दिशा मे राजस्थानी बातें विशेष रूप से सहायक सिद्ध होंगी।*

इसके साथ ही राजस्थानी की ऐतिहासिक बातो द्वारा एक और भी महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हुआ है। राजस्थान के इतिहास को बड़ा सम्मान प्राप्त है और इस सम्मान का कारण वे बहुसख्यक व्यक्ति है जिनके नाम उभर कर ऊपर आ गए हैं। इनके अतिरिक्त ऐसे अनेक व्यक्ति यहा हुए हैं जिनको जनता ने बड़ा सम्मान दिया है परन्तु उनके नाम इतिहास मे नही आ पाए हैं। उनके सम्बध मे यहा गीत गाये जाते हैं और कहानिया कही जाती हैं। इन सब के लिए ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं परन्तु इनके चारित्र्य के महत्व को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। ये लोक वीर हैं और इनमे से कई तो लोकदेवता के रूप मे पूजे जाते हैं। ऐसे व्यक्तियो के चरित्र यहा की बातो में संवार सजा कर साहित्यिक रूप में प्रस्तुत किये गये है। ऐसी स्थिति में राजस्थानी ऐतिहासिक बातें विशेष रूप से ध्यान देने योग्य हैं।

ऐतिहासिक टिप्पणियाँ

राव रिणमल री बात

पृ. १७ — सोनगरों का राव रिणमल की बढ़ती हुई शक्ति से आतंकित होना और अपनी लड़की ब्याह कर फिर उस से घात करने की घटना को श्री विश्वेश्वरनाथ रेऊ ने संवत् १४८२ के आसपास की माना है। (मारवाड़ का इतिहास, भाग १, पृष्ठ ७३)

पृ. १६ — राव रिणमल की बहिन, जिसके विवाह का नालेर चित्तौड़ के कुंवर चूंडा के लिए भेजा गया था, पर वह लाखाजी को ब्याही गई थी। उसका नाम ओझा आदि इतिहासकारो ने 'हंसाबाई' लिखा है पर यहां 'राजकुंअर' लिखा मिलता है। आगे पृष्ठ २३ पर इन्ही का नाम (मोकल की माता) 'बख्तावर बाई' मिलता है। पृ. १६ पर ही लाखा के स्थान पर खेता लिखा मिलता है। यह भूल से ही लिखा गया मालूम होता है।

पृ. २६ — धोखे से चाचा मेरा द्वारा राणा मोकल को मारने की घटना का समय श्री रेऊ ने सं. १४९० माना है। (मा. इ., भा. १, पृ. ७५)

पृ. २६ — मोकलजी के मारे जाने पर कुंभा घोड़े पर चढ़ कर जोधपुर रिणमलजी के पास भाग आया, ऐसा इस बात में लिखा है पर मुंहणोत नैणसी की ख्यात, पृ. १०६ में राव रिणमल के पास मोकल की मृत्यु का समाचार एक संदेशवाहक के हाथ पहुंचना ही लिखा है। रेऊजी ने इस घटना के समय कुंभा की उम्र केवल ६ साल की मानी है (पृ. ७५)। ऐसी स्थिति में कुंभा का घोड़े पर चढ़ कर इतनी दूर जाना संभव भी नहीं था। कई इतिहासकार उनकी उम्र इस समय १२ वर्ष की भी मानते हैं। ओझाजी के मतानुसार भी यह संदेश एक संदेशवाहक के साथ ही पहुंचाया गया है। रेऊजी के मतानुसार राव रिणमल ५०० चुने हुए सरदारों को लेकर चित्तौड़ पहुंचा।

पृ. ३० — मुंहणोत नैणसी के अनुसार रिड़मल के पुत्र अरडकमल ने नाहरी मारी (नैणसी की ख्यात पृ. १०७)

पृ. ३१ — चाचा चाचावत ने राणा कुंभा की दमचर्या करते समय आंसू ढलका कर रिड़मल के बढ़ते हुए आधिपत्य से उत्पन्न खतरे की बात की और कुंभा बहकावे में आ गया।

पृ. ३२ — कर्नल टॉड (एनल्स एण्ड एन्टीक्वीटीज ऑफ राजस्थान, भा. १, पृ. ३३२) और सूर्यमल्ल मिश्रण (वं. भा., भा. ३, पृ. १८७२) ने रिड़मल का राणा मोकल के समय में मारा जाना लिखा है, वह सही नहीं है।

पृ. ३२ — नैणसी के अनुसार राना की डोकरी (दासी) ने जोधा को सचेत करने के लिए पुकारा।

राव जोधा रै बेटां री बात

पृ ३५ — मारवाड़ की ख्यातों में करण के स्थान पर कान्ह नाम मिलता है। ओझाजी ने इस घटना को इम्पीरियल गजट के आधार पर गलत सिद्ध किया है। उनके मतानुसार कन्नौज पर उस समय कोई ऐसा हिन्दू राजा नहीं था। पर रेऊजी ने यह घटना सही मानी है। उनके मतानुसार कन्नौज के राठौड़ घराने का प्रतिष्ठित सरदार करण बहलोल लोदी का मित्र था और उसने जोधा को बादशाह से गयाजी जाते समय मिलाया था। तथा बादशाह ने गयाजी आने वाले यात्रियों से लिया जाने वाला कर माफ कर दिया। (मा. इ., भा. १, पृ. ६५)

पृ ३६ — ओझाजी ने राव जोधा की मृत्यु का संवत १५४५ माना है, वही सही है।

पृ. ३६ — नैणसी ने अपनी ख्यात मे जोधा द्वारा चित्तौड़ मे लूट मचाने का विस्तृत वर्णन किया है। नापा की सलाह से कुम्भा ने जोधा के साथ संधि करनी चाही। दोनों ओर से द्वन्द्व युद्ध होना तय हुआ। राणा की ओर से विक्रमादित्य झाला और जोधा की ओर से बीजा ऊदावत मैदान मे आये। झाला मारा गया। बीजा जीता (नैणसी की ख्यात, पृ. १३०)

रेऊजी ने इस घटना का माडोल के पास घटित होना बताया है। उनके मतानुसार जोधा करीब २० हजार योद्धा लेकर युद्ध के लिए पहुँचा। कुंभा पहले ही मालवे के सुलतान से उलझा हुआ था। ऐसी स्थिति मे उसने युद्ध नही करना चाहा और जोधा से संधि करली और वैर समाप्त करने के लिए बबूल वाली जमीन जोधा को देदी। (मा. इ., भा १. पृ. ६०)

पृ ३६ — ओझाजी ने भी सातल की गद्दीनशीनी और मृत्यु का संवत यही माना है। उनके मतानुसार पीपाड़ के पास से जब मुगल तीजणियों (तीज मनाने वाली लड़कियों) को हरण कर के ले जा रहा था तो सातल ने पीछा किया और सेनापति घड़ूलिया को मार कर लड़कियों को ले आया। वह इस युद्ध मे इतना घायल हो गया कि कुछ समय बाद ही स्वर्ग सिधारा।

विशेष—'घुड़ला' गीत इसी घटना का प्रतीक है। जोधपुर में चैत्र बदि आठम को घड़ूले का मेला लगता है।

पृ ३६, ३७ — नैणसी ने इस घटना का वर्णन इस प्रकार किया है—लक्ष्मी का विवाह-सम्बन्ध हरभू ने पहले सीवा के साथ करना चाहा, पर सींवा ने यह कह कर अस्वीकार कर दिया कि लड़की अशुभ लक्षणों में पैदा हुई है, इसलिए उसे यह सम्बन्ध स्वीकार नहीं है। अन्य दो-तीन जगह प्रयत्न किया पर सम्बन्ध न बैठा। तदुपरान्त सूजा एक बार शिकार खेलता-मेलता इधर आ निकला, तब उसके साथ लक्ष्मी का विवाह कर दिया गया। (मु. नैणसी की ख्यात, पृ. १३८)

पृ ३७ — मारवाड़ की कई ख्यातों में लिखा है कि टीकायत कुं. बाघा जब मर गया तो वीरमदे को सरदारों ने टीका देने का विचार किया, पर वीरम की माता ने उनका

यथोचित आदर-सत्कार नहीं किया। गांगा की माता को जब यह पता लगा तो उसने फौरन सारा प्रबध करवाया और उनका बहुत सत्कार किया, तब सरदारो ने उस समय का मुहूर्त टाल कर गागा को मेवाड से बुलाया और उसे टीका दिया। तभी से यह कहावत प्रचलित हुई बताई जाती है—

'रिडमला थापिया जिके राजा।'

पृ. ३८ — राव गांगा की मृत्यु का संवत ओझाजी ने १५९८ माना है, वही सही है।

राव मालदे री बात

पृ. ४२ — शेरशाह और मालदे के युद्ध की घटना के बारे मे नैणसी ने लिखा है कि शेरशाह ने मालदे को सशकित करने के लिए वीरम की सहायता से कूंपा के डेरे पर २० हजार रुपये कंबल खरीद कर भिजवाने के लिए भेजे और २० हजार ही जैता के पास सिरोही की तलवारें खरीद कर भिजवाने के लिए भेजे। उधर मालदे के पास सूचना भिजवाई—जैता, कूपा जैसे विश्वासी वीर भी रुपया लेकर शेरशाह से मिल गये हैं। मालदे को शक हो गया और वह चुपचाप जोधपुर लौट गया। पीछे युद्ध हुआ जिसमे बहुत से योद्धा काम आये। (मु नैणसी की ख्यात, पृ. १५७-१५८)

तवारीख शेरशाह मे लिखा है कि शेरशाह ने जब सुना कि मालदे ने अजमेर और नागोर ले लिया है, तब वह बेशुमार फौज लेकर चढ आया। फतहपुर-सीकरी के पास आकर उसने अपनी फौज कई भागो मे विभक्त करदी। मालदे ५० हजार सवार लेकर सामने गया। एक माह तक फौजें बिना लडे पडी रही। अत मे शेरशाह ने एक जाली अर्जी अपने नाम लिखवा कर राव मालदे के वकील के तम्बू के पास डलवादी (जिसमे सरदारो ने शेरशाह से मिल जाने की बात लिखी थी)। मालदे उसे देखते ही सशकित हो गया और बहुत कुछ समझाने पर भी जोधपुर लौट गया। जैतारण के पास जैता कूपा ने शेरशाह की फौज का वीरता के साथ मुकाबिला किया और वीरगति को प्राप्त हुये।

ओझाजी ने भी शेरशाह की ओर से चालाकी से डलवाये गये जाली पत्र द्वारा मालदे का सशकित होना लिखा है। मालदे के जाने के बाद जैता कूपा १०, १२ हजार की फौजें लेकर लडे। (जोधपुर का इतिहास, भाग १, पृ. ३०२-३०३)

पृ. ७४ — मालदे की मृत्यु का यही सवत ओझा के इतिहास मे है।

पृ ७५ — भाद्रेस का रहने वाला बारहठ आसानन्द डिंगल के प्रसिद्ध भक्त कवि ईसरदास का चाचा था

पृ. ७६ — रेऊजी ने मालदे के अधीन ५८ परगनों की सूची दी है। (मा. इ., भाग १, पृ १४२)

राव चंद्रसेन री बात

पृ ७८ — ओझाजी ने भी चद्रसेन के जन्म की तिथि यही स्वीकार की है।

पृ. ७९ — हृदे खीची के स्थान पर ओझाजी ने साहूणी ईंदा खीची का नाम लिखा है जिसने कि उदयसिंह को युद्ध-भूमि से बचा कर निकाला (जो. इ , भा. १., पृ. ३३४)

पृ. ८० — फारसी तवारीखो के आधार पर ओझाजी मानते हैं कि गढ पर बार-बार चढाई करने की आवश्यकता नही पडी होगी । एक ही वार मे अकबर के राज्यकाल के आठवें वर्ष मे जोधपुर का किला जीत लिया गया। (जो इ., भा. १, पृ. ३३५)

पृ. ८८ — रेऊजी के मतानुसार एक दिन उग्रसेन और आसकरन दोनो भाई चौसर खेलते समय लड पडे और आपस मे झगड कर मर मिटे।

पृ. ९० — रेऊजी ने राव रायसिंह तथा जगमाल का धोखे में आकर बिना शस्त्र के ही सुरतान की फौज द्वारा रात्रि के समय मारा जाना लिखा है । (मा. इ, भा. १, पृ. १६८, १६९)

राजा उदैसिंघ री बात

पृ ९१ — शरीर मे मोटे होने के कारण शाही दरबार मे मोटे राजा के नाम से पुकारे जाते थे। राव चद्रसेन ने अकबर की अधीनता स्वीकार नही की थी पर उदयसिंह ने अकबर की अधीनता स्वीकार कर उसकी ओर से कई युद्धो मे अच्छा काम किया था जिससे बादशाह ने उन्हे राजा की उपाधि दी और मारवाड का राज्य दिलवाने का वायदा किया था।

पृ ९१ — रेऊजी के अनुसार सोजत स० १६४१ मे प्राप्त हुई (मा इ , भा. १)

पृ ९२ — सीवाने को प्राप्त करने की घटना का सवत रेऊजी ने १६४४ माना है (मा इ., भा १)

पृ. ९३ — फलोधी सम्बन्धी भाटियो मे युद्ध का सवत रेऊजी ने भी यही माना है। (मा इ , भा १, पृ १७१)

महाराजा सूरजसिंहजी रै राज री बात

पृ ९४ — विश्वेश्वरनाथ रेऊ ने सूरसिंहजी के जन्म का सवत् १६२७ माना है। गद्दी-नशीनी का सवत १६५२ है।

पृ ९५ — सूरसिंहजी को मेडता सेनापति अम्बर चम्पू को वीरतापूर्वक हराने के उपलक्ष मे बादशाह ने दिया था। 'सवाई राजा' का खिताब भी इसी समय मिला।

सोजत रै मंडळ री बात

पृ. १०० — मारवाड के इतिहास मे सोजत का अत्यत महत्वपूर्ण स्थान रहा है। राव रिणमल ने तो बहुत समय तक उसे (धिणलो) अपना निवास-स्थान बनाया था। उसके पश्चात् भी जोधपुर के शासकों का इस परगने के साथ निरतर घनिष्ट सम्बन्ध बना रहा।

राव सालै री बात

पृ १०६ — इस साखा का सम्बन्ध राठोडों के राज्य के सस्थापक राव सीहाजी से भी है,

जिनके साथ उनका संघर्ष हुआ था, ऐसा इन्हीं ऐतिहासिक बातों की पोथी में आगे लिखा मिलता है। संभव है इसी लाखा की भ्रांति से कई ख्यातकारों ने लाखा फूलाणी मान लिया हो और उसके साथ सीहाजी के युद्ध होने की बात तथा उनके हाथ से मारे जाने की बात गढ़ली हो।

उद्देश्य व नियम

१—राजस्थानी साहित्य, भाषा, कला व संस्कृति का वैज्ञानिक अध्ययन प्रस्तुत करना पत्रिका का मुख्य उद्देश्य है।

२—परम्परा का प्रत्येक अंक प्रायः विशेषांक होता है, इसलिए विषयानुकूल सामग्री को ही स्थान मिल सकेगा।

३—लेखों में व्यक्त विचारों का उत्तरदायित्व उनके लेखकों पर होगा।

४—लेखक को, सम्बन्धित अंक के साथ, अपने निबन्ध की पच्चीस अनुमुद्रित प्रतियाँ भेंट की जायेंगी।

५—समालोचना के लिए पुस्तक की दो प्रतियाँ आना आवश्यक है। केवल शोध-संबंधी महत्त्वपूर्ण प्रकाशनों की समालोचना ही संभव हो सकेगी।

परम्परा की प्रचारात्मक सामग्री, उसके नियम तथा व्यवस्था-सम्बन्धी अन्य जानकारी के लिए पत्र-व्यवहार निम्न पते से करें—

व्यवस्थापक :

परम्परा

राजस्थानी शोध-संस्थान, चौपासनी

जोधपुर [राजस्थान]